# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

4 लक्ष्य से अधिक राजस्व मिला खनिज विभाग को

## खबर संक्षेप

### डॉ. अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर होगा कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर 14 अप्रैल को विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सूर्यवंशी महासभा छग के सरगुजा संभाग अंतर्गत भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उक्त सभा के द्वारा 14 एवं 15 अप्रैल को शोभायात्रा के साथ डॉ.भीमराव अम्बेडकर का प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जानकारी के अनुसार डॉ.भीवराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर 14 अप्रैरल को कोरिया जिले के पुसला, कटगोड़ी, सोनहत एवं बुढ़ार में तथा 15 अप्रैल को सूरजपुर जिले के रामानुजनगर जनपद अंतर्गत ग्राम परशुराम में विशाल शोभयात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही कोरिया जिले के ग्राम पुसला तथा सूरजपुर जिले के ग्राम परशुरामपुर में डॉ.अम्बेडकर का प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### लो वोल्टेजः पार्षद ने विभाग को सौंपा पत्र

**वेस्ट चिरमिरी।** नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 4 मौलाना आजाद वार्ड में लंबे समय से जारी लो वोल्टेज की समस्या को लेकर पार्षद एवं अपील समिति सदस्य गुलाम साबिर ने विद्युत विभाग को पत्र सौंपते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की है। पार्षद ने पत्र में उल्लेख किया है कि छग राज्य विद्युत मंडल द्वारा गाड़ाबुड़ा ट्रांसफार्मर से मेनरोड पोड़ी तक जो सर्विस तार लगाया गया है, उसमें केवल दो फेस ही चालू हैं। इस तकनीकी खामी के कारण वार्ड के अधिकांश हिस्सों में लगातार लो-वोल्टेज की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुलाम साबिर ने कहा कि लो-वोल्टेज की वजह से मोबाइल, फ्रिज, पंखा, मोटर जैसे कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं, इसके चलते लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि यदि उक्त सर्विस लाइन को तीन फेस में परिवर्तित कर दिया जाए तो यह समस्या स्थायी रूप से दूर हो सकती है। पार्षद ने विभाग से आग्रह किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक तकनीकी कार्रवाई करें।

### 85 यात्रियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो के मार्गदर्शन में 10 अप्रैल को रेलवे स्टेशन बैकुंठपुर में तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 85 तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें औषधीय गुणों से युक्त स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा वितरित किया गया। यात्रियों ने काढ़े का सेवन कर लाभ लेने के साथ-साथ प्रशासन की इस पहल की सराहना की। शिविर में बीपी, शुगर की जांच के साथ-साथ गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की जानकारी भी दी गई। यह शिविर आयुष विभाग जिला चिकित्सालय कोरिया के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में डॉ. बीआर नायक, डॉ.प्रमोद सिंह नगर, डॉ. रमाकांत कुर्रे (योग एवं नेचुरोपैथी), फार्मासिस्ट डागेश्वर साहू, पूर्ण चंद्र नाहक, जितेन्द्र जितेंद्र बस्तियां एवं श्रीराम रामनाथ की सक्रिय सहभागिता रही।

### 14 को ग्रामसभा में होगा ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली अनिवार्य ग्राम सभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत होने वाले सामाजिक अंकेक्षण की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। इस आशय का निर्देश जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने दिया है, जिसके पालन में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र भी जारी किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत जिले में रोजगार मूलक कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। योजना की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्ष में दो बार सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा कराए गए कार्यों की जांच, समीक्षा एवं श्रमिकों से संवाद किया जाता है।

**सुशासन तिहार** | जनपदों से आए बड़ी संख्या में आवेदन, प्राप्त आवेदनों का होगा एक माह के भीतर समाधान

# तीन हजार ऑनलाइन समेत कोरिया में मिले 41 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जोकि 8 अप्रैल से 31 मई तक चलेगा।

ज्ञात हो कि तीन चरणों में चलने इस तिहार में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कोरिया जिले में 40 हजार 613 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। छग शासन के निर्देश पर जिले में चल रहे सुशासन तिहार में कोरिया की जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। सुशासन तिहार के पहले चरण में अब तक जिलेभर से 40 हजार 613 आवेदन जमा किए गए हैं, संख्या और बढ़ने की संभावना है। इनमें से अधिकांश आवेदन सीधे शिविरों के माध्यम से आए हैं, जबकि ऑनलाइन माध्यम से महज 3 हजार 137 आवेदन ही पहुंचे। मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5 बजे तक सोनहत जनपद पंचायत से 7500, बैकुंठपुर विकासखंड से करीब 28 हजार, बैकुंठपुर नगर पालिका क्षेत्र से 330 शिवपुर-चरचा से 576 और पटना नगर पंचायत से 1070 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब इन आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाएगा। प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। इसके साथ ही बुजुर्गों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और दूरस्थ ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए सुशासन संगवारी को लगाया गया। उन्होंने घर-घर जाकर आवेदन जमा करवाने में मदद की। जिला प्रशासन की ओर से शुरू की गई सुशासन ऑन व्हील योजना ने दूर-दराज के गांवों तक पहुंचकर आवेदन लिए। वहीं सुशासन गीत के जरिए आम लोगों में अभियान को लेकर जागरूकता फैलाई गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की यह पहल आम जनता तक योजनाओं और समाधान की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। सभी आवेदनों का त्वरित और नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। सीईओ जिपं डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का तेजी से निपटारा कर जनता को राहत दी जाएगी। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिला है।






### अब निगाहें दूसरे चरण पर

पहले चरण की सफलता के बाद अब सुशासन तिहार के दूसरे चरण की तैयारी शुरू हो गई है, जिसमें आवेदनों का समाधान होगा। प्रशासन का दावा है कि हर आवेदन का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान किया जाएगा।

महाआरती के साथ बाजारपारा मंदिर में अखण्ड रामायण का होगा समापन

# हनुमान जन्मोत्सव आज, मंदिरों में गूंजेगा जय वीर हनुमान...

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव 12 अप्रैल को भक्तों के द्वारा भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। कोरिया-एमसीबी जिले में स्थित हनुमान मंदिरों में विशेष पूजन एवं अनुष्ठान की तैयारी है।

वहीं कई हनुमान मंदिरों में जयंती के एक दिन पूर्व अखण्ड रामायण की शुरूआत हो गई है,जोकि आज जन्मोत्सव पर अखण्ड रामायण समाप्त होने के बाद आरती एवं भोग चढ़ाया जाएगा तथा कई मंदिरों में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। भगवान हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमान मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई है, जहां आज सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ पूजा -अर्चना के लिए जुटेगी। शहर के बाजारपारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, प्रेमाबाग स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, कोडया ⏭ शेष पेज 4 पर



बाजारपारा हनुमान मंदिर।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन आज



**मनेन्द्रगढ़।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार 12 अप्रैल को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, सीएमओ बंगले के सामने मनेन्द्रगढ़ में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान महाबली हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात श्री हनुमान जय भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुजन के लिए प्रसाद व भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का आयोजन संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति एवं क्षेत्र के वार्डवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### बाल हनुमान मंदिर में आज होंगे विविध कार्यक्रम

श्री-श्री सिद्ध बाल हनुमान मंदिर हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी आचार्य अशोक मिश्रा ने बताया कि 12 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे से पूजा-अर्चना आरंभ होगी, इसके उपरांत दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे से भव्य महाआरती की जाएगी। शाम 7:30 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन होगा। चनवारीडांड़ गौटियापारा मनेन्द्रगढ़ मंदिर के पुजारी अशोक मिश्रा ने समस्त श्रद्धालुओं से उपरोक्त आयोजन में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है।

### श्रीराम मंदिर मैदान में होगा अखंड हरिनाम संकीर्तन

नगर में युवा आदर्श परिवार के तत्वाधान में एक भव्य और विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन आयोजित किया जा रहा है, जो श्रीराम मंदिर मैदान में संपन्न होगा। युवा आदर्श परिवार ने समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।






# दूसरे दिन भी गरज के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शुक्रवार को अपरानह फिर मौसम के करवट बदलने से कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी तो कही पर बौछार पड़ी। इस दिन सुबह होने के साथ ही आसमान साफ रहा और सूर्य की किरण चमकता रहा।

अपरान्ह बाद अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला और इसके चलते आसमान में काले घने बादलों के बीच गड़गड़ाहट शुरू हो गई, इसके चलते जिले के कई जगहों पर बूंदाबांदी तो कही पर हल्की बौछार भी हुई। इस दिन अधिकतम तापमान 36 तथा न्यूनतम 19 डिग्री रही। मौसम विभाग के अनुसार 12 अप्रैल को मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगी और तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिससे कि लोगों को गर्मी का सामना करना पडेगा। इससे लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है।

### भक्ति में डूबे श्रद्धालु

श्रीराम भक्त हनुमान शक्ति के प्रतीक है और हनुमान जयंती के एक दिन पूर्व 11 अप्रैल को कोरिया एमसीबी जिले के कुछ प्रमुख हनुमान मंदिरों में भक्तों के द्वारा अखण्ड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया, जो जयंती के अवसर पर समाप्त होगा और मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण के साथ भंडारा कार्यक्रम आयोजित है।

# कुपोषण व एनीमिया उन्मूलन के लिए जन अभियान

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार एवं छग शासन के संयुक्त प्रयासों से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य कुपोषण और एनीमिया की दर में कमी लाना है।

इस अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशन में विभागीय योजनाओं के साथ-साथ जनसमुदाय को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुपोषण चौपाल, वजन मापन, एनीमिया जांच, पोषण शिक्षा जैसे विषयों पर आधारित कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जिले में 19 फरवरी से शुरू की गई कोरिया मोदक पौष्टिक लड्डू के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पौष्टिक लड्डू वितरित किए जा रहे हैं, जिससे नवजात शिशुओं में कम वजन की जन्म दर में 1.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह पोषण स्तर में सुधार की दिशा में जिला का एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों, आंबा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर आईवायसीएफ परामर्श दिया जा रहा है एवं स्थानीय व किफायती खाद्य सामग्री से ऊर्जा युक्त व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है।



### विद्यालय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 13 को

**अम्बिकापुर।** चेस इन स्कूल कार्यक्रम के तहत 13 एवं 14 अप्रैल को स्कूली बच्चों के लिए शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मास्टर माइंड इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी एवं विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में अंडर 11,13, 15 व 17 आयु वर्ग में विजेता बच्चों और महिला वर्ग के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क सौ रूपए निर्धारित किया गया है।

# नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** विकास की ओर हर कदम, जनता की सेवा को समर्पित उद्देश्य को लेकर नगर पंचायत खोंगापानी निरंतर जनहित में कार्य कर रही है। वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के क्रम में एक और महत्वपूर्ण पहल के रूप में एकतानगर, विवेकानंद वार्ड क्रमांक 4 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत भूमिपूजन कर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर पंचायत खोंगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव, वार्ड पार्षद श्रीमती कविता जगदीश मधुकर, क्षेत्र की सम्मानित मातृशक्ति सहित वार्डवासी काफी संख्या में उपस्थित रहे। यह निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 4 स्थित श्री लालजी जी के घर के पीछे प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती कविता जगदीश मधुकर ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण कुमार एक्का एवं उप अभियंता अशोक कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्य वार्डवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब साकार हो रही है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और अधिक भव्य और सार्थक बना दिया।



बोर्ड परीक्षाओं का चल रहा मूल्यांकन

# जेडी ने बोर्ड मूल्यांकन केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक लोक शिक्षण हेमंत उपाध्याय ने 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

- उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर पाया गया

निरीक्षण के दौरान 12 वीं कक्षा के जीव-विज्ञान एवं अर्थशास्त्र तथा 10 वीं कक्षा के संस्कृत विषय की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर पाया गया। इस दौरान श्री उपाध्याय ने केन्द्र में उपस्थित हेड वेल्यूवर, डिप्टी वेल्यूवर एवं अन्य मूल्यांकनकर्ताओं को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मूल्यांकन केन्द्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे संतोषजनक बताया। निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सुशासन तिहार के नोडल अधिकारी के रूप में श्री उपाध्याय ने अपने नोडल जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर वहां की शासकीय योजनाओं और क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया।



बोर्ड मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण करते संयुक्त संचालक हेमत उपाध्याय।

# भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा मनेन्द्रगढ़ मंडल द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 10 में वरिष्ठ नागरिकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और समाज सेवा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कार्यकर्ताओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, पूर्व पार्षद सरजू यादव, वार्ड पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल ने भी अपने-अपने विचार रखे एवं पार्टी की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मनीचंद्र ताम्रकार, पवन पोद्दार, छकौड़ी लाल केशरवानी, संदीप दुआ, अनुपमा निशि, सतीश उपाध्याय, शकुंतला जायसवाल, लाला सोनी, पुरूषोत्तम गुप्ता, राम प्रसाद नामदेव, माधव प्रसाद ताम्रकार, संतोष जैन, मुनिया केवट, कलावती केवट, कमली बाई को अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही वृद्धाश्रम में जाकर स्वल्पाहार व फल वितरण कर सेवा कार्यों को भी प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और स्थापना दिवस सप्ताह को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी ⏭ शेष पेज 4 पर



11-APRIL- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/11/2025 7:51 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पंडा ने स्वयं के खर्च से कराया मंदिर का निर्माण

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम लडुआ कापु टोंगरी में वर्षों पुराना कच्चे मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए वहां के पंडा ने अपने स्वयं के खर्चे से नया पक्के मंदिर का निर्माण कराया है। झाड़ फूक का काम कर जड़ी बूटी से इलाज करने वाले पंडा ग्राम लडुआ निवासी बटई राम को लगभग 30-35 वर्ष पहले शिव मंदिर बनाने के लिए सपना आया जिसके बाद उन्होंने लडुआ के कापु टोंगरी में अस्थाई रूप से शिवलिंग का स्थापना कर पुजा पाठ में लगे रहे। वहीं अब उन्होंने पुनः स्वयं के खर्चे से शिव मंदिर का निर्माण कराया। 10 फरवरी को शिवमंदिर हेतु वहां के सरपंच तिवारी राम के साथ मिलकर भूमि पूजन किया गया। शिवमंदिर के निर्माण पूर्ण होते ही 3 अप्रैल रामनवमी के अवसर पर उक्त शिव मंदिर का पूरे विधि विधान के साथ पूजा हवन कर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कृष्णा राम टोप्पो, सरपंच तिवारी राम, देवसाय एक्का, सस्तु राम, सोहर साय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कॉउट्स एवं गाइड्स ने खोले दो प्याऊ




**अंबिकापुर।** गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ द्वारा जिले में 2 अलग अलग स्थानों पर प्याऊ घर खोला गया। जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन कमिश्नर सरगुजा अशोक सिन्हा ने बताया कि ब्लॉक अम्बिकापुर के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल देवीगंज रोड के समीप जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त, प्राचार्य, स्काउटर, रोवर एवं स्काउट्स, गाइड्स की उपस्थिति में प्याऊ घर खोला गया। दूसरा प्याऊ घर बिलासपुर रोड के ग्राम मेड्राकला स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप मेन्द्राकाला ग्राम सरपंच सीनियर रोवर्स, रेंजर्स की उपस्थिति में खोला गया, जिले में खुले सभी प्याऊ घरों में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्यासे आम नागरिकों को गुड़ पानी पिलाया गया। इन सभी प्याऊ घरों का संचालन जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सीनियर स्काउट्स गाइड्स एवं रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से किया जाएगा। प्याऊ घरों के उद्घाटन में अम्बिकापुर ब्लॉक में जिला सचिव महेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा, प्राचार्य मीरा साहू, स्काउटर अजीत सिंह, सीनियर रोवर गोपाल सिंह, रवि यादव, रितेश विश्वकर्मा, आकाश मुंडा, सरपंच तेजन मिंज, दिगंबर यादव, सीनियर रोवर रवि यादव, राकेश दास, निर्मल भगत, रेंजर्स मानशी राजवाड़े, मालती राजवाड़े मौजूद थे।

### एनएसयूआई ने छात्रों को वितरित किया पेन

**राजपुर।** एनएसयूआई के छात्र नेता आदित्य विभु जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में छात्र छात्राओं को पैन और



चॉकलेट वितरण कर स्थापना दिवस मनाया। छात्र नेता आदित्य विभु जायसवाल ने बताया कि एनएसयूआई लगातार छात्रों के हित की आवाज को शुरू से उठाते आई है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने एनएसयूआई की स्थापना की थी। इंदिरा जी की सोच थी छात्र वर्तमान ही नहीं देश के भविष्य है, और भविष्य का निर्माण करते हैं। इस कार्यक्रम में पार्षद राहुल भारती, नितिन गुप्ता, अनुराग गुप्ता, पीयूष केशरी, सूर्यकांत रवि, मोहित चौधरी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सम्मेलन में सक्रिय सदस्यों का किया गया सम्मान



**रामानुजगंज।** संगठन पर्व कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्य सम्मेलन सह सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी एवं मुख्यातिथि ओमप्रकाश सोनी,कन्हैयालाल अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता, सैलेश गुप्ता, ललन यादव, मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, मोहन गुप्ता, डॉ.राकेश गुप्ता, दयाल विश्वास, अजय गुप्ता एवं पार्षद पवन गुप्ता, सुमित गुप्ता, विजय रावत, सुरेश पूरी, विकाश गुप्ता, अर्जुन दस, मुकेश जायसवाल, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्यों को अंगवस्त्र गमछा देकर सम्मानित किया गया।

---

### जिला मुख्यालय बनने के बाद विकास के नाम पर बिगड़ी व्यवस्था

# ऐसी नगर पालिका जहां 12 वर्षों से नहीं है पेयजल सप्लाई की व्यवस्था, बोर के पानी से बुझ रही प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

**खास बात**
- आज तक नहीं हुई पहल

जल ही जीवन है और पानी को मूलभूत सुविधाओं की श्रेणी में रखा गया है लेकिन बलरामपुर प्रदेश का शायद एक ऐसी नगर पालिका होगी जहां आज भी लोगों के घरो में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था नहीं है। आज के समय में जब ग्राम पंचायतों में टंकी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बाद भी विगत 12-13 वर्षों से नगरवासी बोर के पानी से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि पेयजल सप्लाई के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पानी टंकी भी बनी हुई है और पाइप लाइन का विस्तार भी वार्डों में हो चुका है लेकिन पानी सप्लाई को लेकर किसी प्रकार की कोई पहला पिछले वर्षों में किसी भी सरकार ने नहीं की। वर्षों पूर्व बन चुके ट्रीटमेंट प्लांट से सप्लाई के लिए अभी भी अधिकारी टेस्टिंग करने का ही दावा कर रहे है लेकिन पानी सप्लाई के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे है।



चनान नदी पर बना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट।

बता दें कि जिला बनने से पहले नगर में पानी सप्लाई के लिए पानी टंकी स्थापित थी, पाइप लाइन का विस्तार था और चनान नदी से लोगों के घरों में सुबह शाम पानी की सप्लाई होती थी लेकिन जिला बनने के बाद बलरामपुर में पानी सप्लाई की यह व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप हो गई। वर्ष 2012 में जिला बनने के बाद वर्ष 2014 के आस पास विकास के नाम पर सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू हुआ और गौरव पथ का निर्माण भी कराया गया लेकिन इस निर्माण कार्य के दौरान बिछाई गई पाइप लाइन को उखाड़कर फेंक दिया गया और इसी के बाद से अब तक लोगों के घरों में पानी सप्लाई के लिए कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। पूर्व में भाजपा की सरकार और पांच साल के कांग्रेस के शासन काल में जिले का विकास हुआ लेकिन पानी जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी किसी ने भी इस विकराल समस्या से निपटने के लिए कोई पहल नहीं की और यही वजह कि लोग अपने घरों में बोर करके पीने और दैनिक उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे है जबकि वर्तमान स्थिति में ग्रामीण इलाकों में भी पानी टंकी स्थापित कर नल जल योजना के तहत लोगों के घरों तक पानी पहुंचाई जा रही है लेकिन दुर्भाग्य है कि जिला मुख्यालय के नगर पालिका क्षेत्र में लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

#### 95 प्रतिशत घरों में बोर का उपयोग

नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल सप्लाई की कोई व्यवस्था नहीं होने से नागरिकों का पूरा जीवन बोर के पानी पर निर्भर है। नगर के 15 वार्डों में लगभग 95 प्रतिशत घरों में बोर का उपयोग किया जाता है जबकि शेष लोग क्षेत्र में लगे सार्वजनिक हैण्डपम्प और बोर के सहारे निर्भर है लेकिन बड़ी बात यह है कि गर्मी के मौसम में भूजल स्तर नीचे जाने के बाद ज्यादातर घरों में भी पानी की कमी होने लगती है।

#### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी जर्जर

पूर्व में जल आवर्धन योजना के ठप होने के बाद चनान नदी से पेयजल सप्लाई के लिए व्यवस्था करने के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार किया गया था। चनान नदी के किनारे ही डब्ल्यूटीपी का निर्माण कराया गया था। डब्ल्यूटीपी का निर्माण वर्ष 2012 में शुरू हुआ और 2014 में निर्माण पूर्ण हुआ। इसके साथ ही अधिकारियों का दावा है कि नगर पालिका क्षेत्र के 15 वार्डों में पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन का विस्तार भी हो चुका है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इसके बाद भी अब तक लोगों को घरों में पानी नहीं मिल रहा है। देख रेख के आभाव में लाखों रूपए खर्च कर बनाया गया डब्ल्यूटीपी भी जर्जर होने की स्थिति में है डब्ल्यूटीपी से सप्लाई के लिए बिछाई गई राइजिंग पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

#### सूख गई नदी, कैसे हो सप्लाई

शहर में पेयजल सप्लाई के लिए डब्ल्यूटीपी का निर्माण चनान नदी किनारे किया गया है लेकिन वर्तमान में नदी पूरी तरह से सूख चुकी है। नदी सूखने के बाद कुछ किसानों द्वारा अलग अलग स्थानों पर पांच से छह हाथ बोर लगाए गए है और इस बोर के माध्यम से लोग अपने खेतों में पानी की सिंचाई कर रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी डब्ल्यूटीपी के टेस्टिंग की बात कर रहे है लेकिन जब नदी में पानी ही नहीं है तो टेस्टिंग कैसे होगी। नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा अब तक किसी दूसरे विकल्प की ओर ध्यान नहीं दिया है।

#### सार्वजनिक पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं

नगर में पहले जगह जगह टेप नल के माध्यम से सार्वजनिक पेयजल की व्यवस्था थी लेकिन जिला बनने के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी पानी के लिए तरस जाते है। एनएच 343 होने के कारण इस मार्ग से अनेको यात्री वाहन गुजरते है और बसों के रुकने पर लोग पानी के लिए भटकते है। जबकि दूर दराज के गांव से आने वाले लोगों को भी पीने का पानी नसीब नहीं हो पाता है। इसे लेकर नगर के होटल व्यवसायी संजय गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत के जमाने में जिला बनने से पहले नल जल सप्लाई थी लेकिन आज पीने के पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है। इसी तरह न्यू बस स्टैंड बलरामपुर से गढ़वा जाने वाले सवारी विजय सिंह ने कहा कि इस बस स्टैंड से अच्छा पुराना बस स्टैंड था जहां पर कम से कम दो-दो सार्वजनिक नल थे जहां पीने का पानी मिल जाता था इस हाईटेक बस स्टैंड में तो पानी भी नसीब नहीं होती है।

#### किए जा रहे है प्रयास

नगर के 95 प्रतिशत घरों में लोग बोर के पानी का उपयोग करते है। नदी में फिल्टर प्लांट स्थापित है और पाइप लाइन बिछा हुआ है। पूर्व की सरकार ने इसपर कोई ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकार इस समस्या को लेकर गंभीर है और पेयजल सप्लाई हेतु प्रयास किए जा रहे है।
दिलीप सोनी
उपाध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर

#### करनी है टेस्टिंग

नगर में फिलहाल लोगों द्वारा बोर के पानी का उपयोग किया जाता है। पेयजल सप्लाई के लिए डब्ल्यूटीपी बना हुआ है और पाइप लाइन का विस्तार वार्डों में हो चुका है। पीएचई विभाग को टेस्टिंग करनी है लेकिन चनान नदी में पानी ही नहीं है।
प्रणव राय
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

---

## एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर नियुक्त किए गए पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम ऑडिटोरियम भवन में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र शाखा है। इसकी स्थापना 9 अप्रैल 1971 को इंदिरा गांधी ने केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल राज्य छात्र परिषद को मिलाकर एक राष्ट्रीय छात्र संगठन बनाने के बाद की थी। एनएसयूआई को 55 साल पूरे हो गए हैं।

शिक्षा, समानता और लोकतंत्र की भावना को लेकर एनएसयूआई ने हर मोर्चे पर संघर्ष किया और बदलाव की राह बनाई है। यह सिर्फ एक संगठन नहीं बल्कि हर छात्र-छात्राओं की उम्मीद, हक व आवाज है। आकाश ने कार्यकर्ताओं और एनएसयूआई सदस्यों को छात्र हितों के लिए प्रयासरत रहने की बात कहते हुए कहा कि एनएसयूआई ने हमेशा छात्र समुदाय के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम किया है। यह संगठन कॉलेज यूनिवर्सिटी में सक्रिय रहकर छात्र-छात्राओं की आवाज को उठाता रहा है।

इस अवसर पर एनएसयूआई के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमें जिला कोषाध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, सूरजपुर नगर अध्यक्ष अमन रवि, बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष अमन नायक, शिवनंदनपुर नगर अध्यक्ष पुनीत विश्वकर्मा, बिहारपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश देवांगन, भैयाथान ब्लॉक अध्यक्ष प्रभाकर सिंह, लटोरी ब्लॉक अध्यक्ष यश दास, प्रेम नगर ब्लॉक अध्यक्ष अनुज दास, उपाध्यक्ष के पद पर अंकित सिंह, राजू पाटले, महासचिव आकाश सिंह, पूनम राजवाड़े, सीमा मानिकपुरी, पीयूष कुशवाहा, प्रकाश दास, प्रेमसागर तिग्गा, आकांक्षा राजवाड़े, सचिव आरिफ अली, कुनाल यादव,कन्हैया रंजीत दुबे,अतुल पाटिल,पंकज सिंह, गुलशन राजवाड़े, सलाम अंसारी, सह सचिव वारिश ख़ान, नितेश साहू, मनोज साहू, रंजू सिंह, राजेश यादव, बिश्रामपुर कॉलेज अध्यक्ष प्रिंस जायसवाल की नियुक्ति की गई है। सभी नवनियुक्ति पदाधिकारियों को अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, सुभाष गोयल, अश्विनी सिंह, राम कृष्ण ओझा, मनोज डालमिया, कुसुमलता राजवाड़े, इस्माइल ख़ान, जफर हैदर, मनोज अग्रवाल, नरेन्द्र यादव, आनंद कुंवर, विष्णु कसेरा, राजू सिंह, हेमलता राजवाड़े, जाकेश राजवाड़े, अविनाश यादव, राहुल जायसवाल, भावना सिंह,बाबूलाल राजवाड़े, सहित अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा शिवनंदनपुर मंडल में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन



**बिश्रामपुर।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अंतर्गत ग्राम जयनगर बिंझिया सामुदायिक भवन में गुरुवार को भाजपा सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन किया गया। इसमें भाजपा मंडल अंतर्गत 220 लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भटगांव विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी थीं। मुख्य अतिथि द्वारा यहां पर कार्यकर्ताओं को भाजपा के रीति और नीति के बारे में बताया गया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाने का आह्वान किया गया।मंडल प्रभारी व नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान द्वारा भाजपा के आगामी कार्यक्रम गांव चलो घर चलो अभियान एवं 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाने एवं आगामी कार्यक्रमों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इस दौरान शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, महामंत्री शीती कांत स्वाई, संदीप सरकार, विनोद साह, शनि मिश्रा, मनी बग्गा, दिलीप समद्दार, गणेश राम, श्यामू साहू, गौरांग मंडल, श्रीमती अंजू सिंह, अमर लाल, तारक सरदार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल चांदो में सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक

**कुसमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चांदो में भाजपा सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन वन विभाग के निरीक्षण कुटीर में किया गया। बैठक में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी सहित कार्यक्रम प्रभारी अजीत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष चांदो शिव शंकर शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में मौजूद चांदो मंडल के सभी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित भाजपा के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान श्याम सुंदर सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, अशोक गुप्ता, देव सागर गुप्ता, कलापति नाग सहित चांदो मंडल के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



## वैसाखी के पूर्व प्रबंधन कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित

- दलजीत चुने गये अध्यक्ष, जसबीर सिंह बनाये गये सचिव

**बिश्रामपुर।** हर वर्ष की भांति इस बार भी वैसाखी पर्व से पूर्व गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की नवीन कार्यकारिणी सर्वसहमति से गठित की गई है।



हालांकि उक्त नवीन कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्ष तक संचालित होना बताया गया है,10 अप्रैल दिन गुरूवार की दोपहर समाज के बीच हुए चुनाव में बतौर संरक्षक रणबीर भामरा,सुखदेव सिंह, बख्शिश सिंह मान बनाये गये हैं, अध्यक्ष पद के लिये दलजीत सिंह को चुना गया, उपप्रधान के लिये अवतार मान,मंजीत सिंह भामरा,इसके अलावा सचिव के लिये जसबीर सिंह टीटू,सह सचिव परमजीत सिंह पम्मे सीनियर, मनी बग्गा, कोषाध्यक्ष इंदरजीत सिंह पप्पू, सह कोषाध्यक्ष इंदरराज सिंह काकू भामरा, स्टोर कीपर रसपाल सिंह, ऑडिटर के रूप में अधिवक्ता मंजीत सिंह सोहल की नियुक्ति हुई है, नवीन प्रबंधन कार्यकारिणी की घोषणा वैशाखी पर्व के दिन गुरुद्वारा प्रांगण में समूह साध संगत के बीच किये जाने की जानकारी लगी है।

## जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने किया सरपंच सदन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- जनपद प्रांगण में में किया गया है निर्माण

जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायत के सरपंचों के अस्थायी तौर पर रुकने हेतु निर्मित सरपंच सदन का लोकार्पण किया गया। जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का एवं उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से लोकार्पण करते हुए सरपंच संघ को समर्पित किया।

विदित हो कि जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायत के सरपंचो के अस्थायी रूप से रुकने के लिए सरपंच सदन का निर्माण किया गया है। दस लाख की लागत से निर्मित यह सरपंच सदन जनपद परिसर के अंदर मौजूद है। जिसका जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा विधिवत लोकार्पण करते हुए सरपंच संघ को सौंपा गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने



कहा कि सरपंच सदन सरपंचो के अस्थायी तौर पर रुकने का अच्छा विकल्प है। दूर दराज क्षेत्र से आने वाले सरपंच यहां आकर ठहर सकते है। उनके ठहरने के लिए सरपंच सदन में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है। जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि सरपंच सदन बन जाने से सरपंचों को इसका सीधा लाभ होगा। सरपंच के साथ पंच उपसरपंच एवं गांव के लोग भी इसका लाभ ले सकते है। इसके देखरेख एवं रखरखाव की जिम्मेदारी सरपंच संघ की होगी। पूर्व बीडीसी अनुज एक्का ने कहा कि सरपंच सदन बनने से सरपंचों को इसका लाभ होगा। विषम परिस्थिति में उनके रुकने के लिए सरपंच सदन अच्छा विकल्प साबित होगा।

कार्यक्रम का संचालन आरडी चौहान एवं आभार प्रदर्शन मंडल संयोजक एसपी चौधरी ने किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सरपंच पंच एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर का जन्मोत्सव, निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





शोभायात्रा में शामिल समाज के लो।

भगवान महावीर जन्मोत्सव श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जयंती की पूर्व संध्या बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को महावीर स्वामी के जीवन, शिक्षा एवं अहिंसा के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में बच्चों ने भजन नाटक-नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। प्रजापित ब्रह्मकुमारी की विद्या दीदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रमाणिक पाठशाला के बच्चों द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति उपरांत बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन पर नाटक प्रस्तुत किया। धार्मिक भजनों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। गुरूवार को भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकली गई जिसमें दिगम्बर एवं श्वेताम्बर समाज के सभी लोगों ने भागीदारी कर भगवान महावीर के जियो और जीने दो का संदेश दिया। देवीगंज मार्ग में महेंद्र टुटेजा ने भगवान महावीर की आरती की वहीं प्रदीप गुप्ता ने शोभायात्रा का स्वागत कर फल वितरण किया। शहर के विभिन्न मार्गों में जैन परिवारों ने शोभायात्रा का स्वागत कर आचार्य विद्या सागर की चरण पादुका का दर्शन किया। अंत में भगवान महावीर की आरती कर जन्मोत्सव का समापन किया। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, राजेश जैन, महावीर जैन, डॉ.एमके जैन, अनिल कुमार जैन, किशोर जैन, राहुल जैन, अतुल जैन, रामू जैन, विक्रांत जैन, विक्रम जैन, डॉ.अंजू गोयल, सुनीता जैन, अलका जैन, सुषमा जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।



### दशनी देवी बनी सरपंच संघ की निर्विरोध अध्यक्ष

**सीतापुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में सरपंच संघ का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। एक तिहाई सरपंचो की सहमति के बाद जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने अध्यक्ष पद हेतु सरपंच दशनी देवी के नाम की घोषणा की। जिसका सभी सरपंचो ने ताली बजाकर स्वागत किया। इस तरह ग्राम पंचायत भारतपुर से दो बार की सरपंच दशनी बाई सरपंच संघ की निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। दशनी बाई नागवंशी समाज से आती है और इनका समाज मे अच्छी पकड़ है। ये नागवंशी समाज महिला विंग की सचिव है। दशनी बाई को सरपंच संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर नागवंशी समाज में भी खुशी का माहैल है। सरपंच संघ के चुनाव के दौरान जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का समेत समस्त जनपद सदस्य एवं सरपंचगण उपस्थित थे।




IZOD | FORCE IX | BLACKBERRYS | Levi's | CRIMSOUNE CLUB FASHION CLOTHING | ARISTU | Beatnik

mufti | madame | JACK & JONES | INDIAN TERRAIN | RAISIN | RARE RABBIT | UNITED COLORS OF BENETTON.

PARK AVENUE | BIBA | indya | Rangriti | GINI & JONY freedom fashions | TWENTY DRESSES

# निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड द फैशन मॉल

## अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक

## Ph 07774 230041

11-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 4/11/2025 8:49 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता स्थगित

**अम्बिकापुर।** कमल युवा वाहिनी द्वारा गुरूवार से आयोजित होने वाली नगर निगम के सभी 48 वार्डों की टीम का रात्रिकालीन क्रिकेट मैच बेमौसम बारिश होने के कारण स्थगित किया गया है। कमल वाहिनी के सदस्य अनीश सिंह ने बताया कि महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए नई तिथि और समय की सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी।

### परीक्षा के दौरान गिरा दीवार पर लगा मार्बल, 4 घायल

**अम्बिकापुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय रघुनाथनगर में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के ऊपर दीवार पर लगा मार्बल गिर गया। दुर्घटना में तीन छात्राएं एवं एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार को नवीन महाविद्यालय रघुनाथ नगर में स्नातक की परीक्षा चल रही थी। कक्षा में उपस्थित छात्र-छात्राएं प्रश्नों के उत्तर लिखने में व्यस्त थे। इस दौरान कक्षा की दीवार पर लगा मार्बल अचानक भरभराकर छात्र-छात्राओं के ऊपर गिर गिया। इस दौरान सिर में चोट लगने के कारण एक छात्र लहुलुहान हो गया वहीं पास में बैठी तीन छात्राएं घायल हो गई। तत्काल घायल छात्र-छात्राओं को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल छात्र को जिला अस्पताल रिफर कर दिया वहीं छात्राओं का उपचार कर छुट्टी दे दी गई। घटना से नाराज छात्र-छात्राओं एवं परिजन ने महाविद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है तथा नाराजगी जाहिर की है।

### राम कथा समारोह में उमड़ रही भीड़

**अंबिकापुर।** शहर के गांधीनगर



गांधी चौक स्थित श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर के हनुमत सेवा समिति द्वारा मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा में प्रतिदिन भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त कथा सुनने के लिए पहुंच रहे है। ज्ञान यज्ञ और राम कथा से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। बता दें कि श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर के हनुमत सेवा समिति द्वारा मारुति नंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का आयोजन 7 से 13 अप्रैल तक किया गया है। ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा में प्रतिदिन वृन्दावन से पधारे पंडित प्रहलाद महराज द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। गुरुवार को श्री मारुति नंदन ज्ञान यज्ञ में राम जन्म, बाल लीला, धनुष यज्ञ एवं राम विवाह के प्रसंग का व्याख्यान किया गया। इसके साथ ही देवीगंज रोड स्थित आनंद दर्शन के संचालक विष्णु गुप्ता एवं श्रीमती संगीता गुप्ता द्वारा श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण गांधी नगर अंबिकापुर में वाटर फ्रिज प्रदान किया गया प्रतिदिन कथा वाचन में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उम्र रही है। प्रतिदिन लोग फेरी देने आते है और पूजा अर्चना करते है। इस दौरान आयोजनकर्ता हनुमंत सेवा समिति द्वारा लोगों से आह्वान किया गया है कि भीड़ से बचने हेतु पहले आकर स्थान ग्रहण करें।

## रक्तदान कर समाज सेवा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया

# महावीर जयंती पर युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

सत्य, अहिंसा और जीवदया के प्रेरणा स्त्रोत केवल्य ज्ञानी तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की 2624 वीं जयंती के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ में जैन समाज के युवाओं ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए रक्तदान कर समाज सेवा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया।

रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शैलेश जैन, पार्श्वनाथ जैन मंदिर के अध्यक्ष रितेश जैन, मंत्री सौरभ जैन सहित राजेश कुमार, श्रीमती रत्ना जैन, श्रीमती शुभ्रा जैन, अंकित जैन, मयंक जैन, अनुराग जैन व अन्य युवाओं ने मिलकर केन्द्रीय जिला अस्पताल में रक्तदान किया। इन युवाओं का कहना है कि भगवान महावीर ने जिस प्रकार सांसारिक मोह-माया से मुक्त होकर परोपकार और जीवदया का मार्ग दिखाया, वह हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। यदि हमारा जीवन किसी और के जीवन के काम आ जाए, तो यही जीवन की सच्ची सार्थकता है। भगवान महावीर ने समाज को सम्यक दृष्टि, सम्यक ज्ञान और सम्यक आचरण की राह



दिखाई जिसमें जीव मात्र के प्रति दया सर्वोपरि है। उनके अनुसार हर प्राणी को जीवन जीने का अधिकार है क्योंकि उसका जीवन उसके कर्मों का परिणाम है।

इस दर्शन में समस्त जीवों के कल्याण की भावना निहित है। समाज के हर व्यक्ति में जीव दया और करूणा का भाव जागृत हो, ताकि भारत वर्ष न केवल जीवों के प्रति दया भाव रखे, बल्कि जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी भूमिका निभा सके। यही भगवान महावीर की शिक्षाओं का सार है। जैन मुनि दीक्षा लेने के पश्चात सांसारिक बंधनों और परिग्रह से मुक्त होकर आत्म कल्याण के पथ पर अग्रसर हो जाते हैं। वे राग, द्वेष और मोह से ऊपर उठकर वीतरागी जीवन जीते हुए केवल ज्ञान प्राप्त करते हैं और फिर सिद्ध अवस्था को प्राप्त कर मोक्ष में विराजमान हो जाते हैं। जैन दर्शन के अनुसार ऐसी आत्माएं ही सिद्ध गति को प्राप्त कर जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर अनंत आत्मिक सुखों में सदाकाल के लिए लीन हो जाती हैं। यही आत्मा की सर्वोच्च उपलब्धि है। इस पावन अवसर पर जैन समाज के युवाओं द्वारा किया गया यह रक्तदान न केवल समाज को प्रेरित करता है, बल्कि भगवान महावीर की शिक्षाओं को व्यावहारिक रूप में जीवन में उतारने का सार्थक प्रयास भी है।

## मंदिर में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई

**बिजुरी।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति बिजुरी द्वारा 10 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर स्थानीय मंदिर में भगवान का पूजन अभिषेक किया गया। साथ ही शांति धारा विश्व कल्याण एवं अहिंसा व विश्व का कल्याण की कामना भी किया गया। भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर जैन धर्म के आगंतुकों द्वारा शोभायात्रा पालकी निकाल कर, नगर भ्रमण किया गया।

इस दौरान संपूर्ण जैन समाज द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो में गाजे-बाजे, नृत्य-गान एवं जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। जिनका स्वागत कोयलांचल नगरी बिजुरी के सभी धर्मावलंबियों ने किया। जयंती पर जैन समुदाय के सदस्यों द्वारा घर-घर में जहां भगवान की पूजन की गई। वहीं संध्याकालीन समय दौरान मंदिर में भगवान की आरती किया गया। इस दौरान पाठशाला के बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदित हो कि भगवान महावीर जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर रहे, जिन्होंने जियो और जीने दो, विश्व शांति एवं अहिंसा के विचार का संदेश पूरी दुनिया को दिया। जो कि संपूर्ण जगत के लिए प्रेरणादाई एवं आत्मसात करने वाला है। कार्यक्रम के दौरान संतोष जैन, नरेश जैन, विनय कुमार, संजय कुमार, सौरभ, कमलेश जैन, वैभव जैन, बिभोर, सौरव जैन, नितिन कुमार, सचिन कुमार, गौरव जैन, अजीत जैन, शैलेश कुमार, राजेश कुमार, ऋषभ कुमार, सहित आशा जैन, सुधा जैन, सारिका जैन, ज्योति जैन, अनामिका जैन, प्रियंका जैन, अंशु जैन, संध्या जैन, मणि जैन एवं पाठशाला के बच्चे शामिल रहे।

# लक्ष्य से अधिक राजस्व मिला खनिज विभाग को



**मनेन्द्रगढ़।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज विभाग जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने लक्ष्य से ज्यादा राजस्व प्राप्ति की है। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जिले के लिए 75 करोड़ रूपए का वार्षिक राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध विभाग ने 78.92 करोड़ रूपए की राजस्व वसूली कर 105 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है।

यह सफलता विभाग की योजनाबद्ध कार्यशैली, सतत निगरानी और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रतिफल है। खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित मुख्य खनिज कोयला सहित गौण खनिज-गिट्टी (साधारण पत्थर) रेत आदि की नियमित निगरानी की गई। साथ ही अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र भ्रमण को लगातार प्राथमिकता दी गई। इस दौरान अवैध गतिविधियों से संबंधित 186 प्रकरणों को चिन्हित करते हुए विभाग ने कठोर कार्रवाई की और कुल 42.73 लाख रूपए की अर्थदंड/समझौता राशि वसूल कर खनिज मद में जमा कराई। खनिज विभाग की सफलता में खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा के नेतृत्व में खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर, खनिज सुपरवाइजर सुंदरलाल साहू, खनिज सिपाही उपेन्द्र सिंह, राजकुमार यादव, भूषण लाल चौहान, सहायक ग्रेड 2 दिनेश सिंह तथा अनुरेखक श्रीमती कविता सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

# छात्रों ने ओलंपियाड परीक्षा में दिखाया कमाल

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्टीय गणित ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में विद्यार्थियों को उनकी विशिष्टता और उत्कृष्टता के आधार पर स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



विशिष्टता का स्वर्ण पदक कक्षा दूसरी के रिशान सराफ और विधान गजवानी तथा कक्षा सातवीं के मोहम्मद अब्दुल्ला को प्राप्त हुआ। वहीं उत्कृष्टता का स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा दूसरी प्रकृति सिधर, शोरजो पाल, वनीषा, कक्षा तीसरी वैदिक तिवारी, रिदम अग्रवाल, जसनीत सिंह अरोरा, कक्षा चौथी रेयांश पोद्दार, काशवी अग्रवाल, बर्बरीक चौहान, कक्षा पांचवी श्रव्या साहू, अर्पित पटेल, अरनिल कौर चावला,क्षा छठवीं आरना अग्रवाल, कनिष्का सराफ, नित्या गुप्ता , कक्षा सातवीं श्यामक अग्रवाल, सन्वि केसरवानी, मोहम्मद अब्दुल्ला, आरव जैन, कक्षा आठवीं शांभवी शांडिल्य, कक्षा दसवींः लीजा दीवान शामिल हैं। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी काफी संख्या में परीक्षा में भाग लिया और प्रमाण पत्र प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चैनपुर के नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

चैनपुर स्थित एकेक इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मंचीय ओपचारिकताओं के उपरांत संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एके ओझा ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद दुनिया को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एकजुटता की जरूरत महसूस हुई और इसी सोच के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 1948 में की गई।



लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह फैसला डब्लूएचओ की पहली बैठक में लिया गया था, ताकि दुनियाभर के लोग स्वास्थ्य से जुड़े अहम मुद्दों के बारे में जान सके। संस्था प्राचार्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, यह दिन सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत याद दिलाने के लिए खास मौका होता है। सबसे पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 1950 में मनाया गया था, इसे शुरू करने का उद्देश्य लोगों को बीमारियों की रोकथाम, सेहतमंद जीवनशैली और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जागरूक करना करना था, यह दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना को भी सम्मान देता है, जो 1948 में बना था। विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम के बारे में उन्होंने बताया कि किसी भी दिवस के सफल आयोजन के लिए प्रतिवर्ष एक विषय निर्धारित किया जाता है। रिपोर्ट्स के अनुसार विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का विषय-स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य है, हम सभी पूरे वर्षभर इसी थीम पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे।



## चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से फिर बदला मौसम, आंधी के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव से लगातार दो दिन आए आंधी-तूफान एवं बेमौसम बारिश ने भारी तबाही मचाई है। आंधी-तूफान से जगह-जगह घरों के छप्पर उखड़ गए हैं वहीं बड़ी संख्या में विद्युत पोल व तार क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मौसम विज्ञानी आगामी दो-तीन दिनों तक मामूली उतार-चढ़ाव के साथ मौसम के इसी तरह रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में तमिलनाडु के पास सुस्पष्ट दबाव अवदाब में बदल गया है लेकिन इसके तूफान का रूप लेने की संभावना नहीं है। खाड़ी में हो रहे तेज हलचल के साथ ही पश्चिम बंगाल से झारखंड, छत्तीसगढ़ से होते हुए तमिलनाडु तक द्रोणिका सक्रिय है। एक अन्य द्रोणिका मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। खाड़ी में हो रही तेज हलचल से बुधवार को उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव भी पहुंच गया है। बंगाल की खाड़ी से लगातार आ रही नमी से विक्षोभ ताकतवर बन गया है। एक साथ अनेक मौसमी घटकों की सक्रियता से छत्तीसगढ़ के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है तथा इसके प्रभाव से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के राज्यों सहित भारत का एक तिहाई हिस्सा प्रभावित है।

# उज्जैन ओंकारेश्वर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए 90 श्रद्धालु



**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2025-26 के अंतर्गत छग शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा सरगुजा संभाग की प्रथम तीर्थ यात्रा का शुभारंभ 10 से 13 अप्रैल तक किया गया है।

इस यात्रा में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कुल 90 तीर्थयात्री उज्जैन, ओंकारश्वर और महाकालेश्वर के दर्शन के लिए विशेष बस से रवाना हुए। प्रातः 10 बजे स्थानीय आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के समीप स्थित जिला समाज कल्याण विभाग कार्यालय से यात्रियों को नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस योजना के तहत जिले के सभी जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्रों से 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध महिला-पुरूष, परित्यक्ता एवं विधवा महिलाएं जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तीर्थ यात्रा के लिए चयनित किया गया है। शासन का उद्देश्य उन लोगों को तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान करना है जो आर्थिक तंगी के कारण स्वयं यात्रा करने में असमर्थ हैं। यात्रा की शुभ शुरूआत के अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक आरके सिन्हा सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं को भावभीनी विदाई दी गई और उनके सुखद, सुरक्षित व आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की कामना की गई।

# ठग अब बोर्ड परीक्षा में पास कराने के एवज में कर रहे ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

साइबर ठगों ने अब ठगी का नया तरीका अपनाते हुए अब बोर्ड परीक्षा में पास कराने के नाम पर लोगों को अपना शिकार बना शुरू कर दिया है। जिले में ऐसे कुछ मामले सामने आए है जिसके बाद पुलिस विभाग द्वारा लोगों को सर्तक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार वर्तमान मे 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा के बाद सायबर ठग नयी प्रकार की ठगी की घटना कारित कर रहे हैं, कुछ दिनों पूर्व अन्य जिले मे बोर्ड की परीक्षा दे चुके बच्चों के पालकों को अनजान नम्बरों से फोन कॉल आए और फ़ोन कॉल मे साइबर ठग बच्चों कों बोर्ड परीक्षा मे पास करवाना की जिम्मेदारी लेकर, परीक्षा के नम्बरो कों बढ़ाने का झांसा देकर पालको से एक निश्चित रकम की मांग की गई, सायबर ठग विद्यार्थियों के पालकों को फोन कर 5 से 10 हजार की डिमांड करते हैं। कुछ शातिर गिरोह परीक्षा परिणाम से जुड़ी फर्जी कॉल्स के जरिए छात्रों और उनके अभिभावकों को झांसे में लेकर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। ये फर्जी कॉलर खुद को शिक्षा मंडल का अधिकारी या किसी प्रभावशाली व्यक्ति से जुड़ा होना बताकर कहते हैं कि वे नंबर बढ़वा सकते हैं।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)
//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम केनापारा तहसील बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपा यादव पति अनुज यादव निवासी बाईसागर बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम केनापारा ख.न. 226/7 रकबा 0.008 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 17/04/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

## रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**प्रतापपुर।** मौसम के अचानक बदल जाने से तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कुछ दिनों से बढ़ गर्मी और उमस से जहां लोग परेशान थे वही आज दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला गया और देर शाम तक तेज हवा तूफान के साथ रिमझिम बारिश हुई। इस गर्मी में लोगों को जहां थोड़ी राहत मिली है वही उमस भरी गर्मी का फिर से एहसास होने लगा है। इस बीच आंधी तूफान चलने से स्टेडियम में कई पेड़ गिर गए। ज्ञात होगी लगातार 2 दिन से गर्मी तेज पढ़ी हुई थी जहां आज रिमझिम बारिश से मौसम परिवर्तन हो गया। बताया जा रहा है कि विकासखंड प्रतापपुर के कई क्षेत्रों में तेज हवा के साथ अच्छी बारिश हुई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हनुमान जन्मोत्सव आज...

सागरबांध छिन्दडॉड़ स्थित हनुमान मंदिर, चेर स्थित हनुमान मंदिर, नगर स्थित हनुमान मंदिर, ग्राम जलियाडॉड़ स्थित हनुमान मंदिर, एमसीबी जिले के सिरौली स्थित स्वयंभू हनुमान मंदिर सहित एमसीबी कोरिया के अन्य जगहों पर स्थित हनुमान मंदिरों में भक्तों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जाएगी। महाआरती के साथ चढ़ेगा लड्डुओं का महाभोग- शहर के बाजारपारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री हनुमान जी का महाआरती के पश्चात लड्डुओं का महाभोग लगाया जाएगा। यहां एक दिन पूर्व 11 अप्रैल से अखण्ड रामायण की शुरूआत की गई जो आज जयंती के अवसर पर सुबह समाप्त होगी। इसके बाद हनुमान जी का महाआरती की जाएगी, फिर लड्डुओं का महाभोग चढ़ाया जाएगा, इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारा कार्यक्रम आयोजित की।
प्रेमाबाग में भी होगा भव्य आयोजन- हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रेमाबाग हनुमान मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान जी की महाआरती का भव्य आयोजन होगा, इसके साथ ही देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने सभी श्रद्धालुओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### भाजपा का 45वां...

राजनीतिक शक्ति बन चुकी है और यह कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सेवा, संगठन और समर्पण के मंत्र को आत्मसात करें। कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन रामचरित द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल, महामंत्री विवेक अग्रवाल, विनीत जायसवाल, आकाश दुआ, पूर्व पार्षद रामधुन जायसवाल, नीरज अग्रवाल, बृजेश जायसवाल राहुल अग्रवाल, ऋतु दुआ, प्रदीप केसरवानी, संतोष केसरवानी सहित काफी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411